महाराणा प्रताप महाविद्यालय
7-5-25
ग्रन्थालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND 102F

# B.A. IInd SEMESTER EXAMINATION, 2024-25

## हिन्दी

## (आदिकालीन एवं मध्य कालीन काव्य)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**5790**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) :

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________

Roll No. (In Words) : ____________

**Time : 1:30 Hrs.**
**समय : 1:30 घण्टे**

**Max. Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

**नोट : पुस्तिका में 50 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. 'मैथिल कोकिल' के नाम से प्रसिद्ध हैं –

   (A) रसखान
   (B) विद्यापति
   (C) पद्माकर
   (D) इनमें से कोई नहीं

2. केशवदास के काव्य में छन्दों की विविधता का वर्णन है –

   (A) विज्ञानगीता में
   (B) कविप्रिया में
   (C) रसिकप्रिया में
   (D) रामचन्द्रिका में

3. मीराबाई की भक्ति साधना थी –

   (A) दास्य भक्ति
   (B) सख्य भक्ति
   (C) माधुर्य भक्ति
   (D) इनमें से कोई नहीं

4. कबीर को वाणी का डिक्टेटर किसने कहा ?

   (A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (B) रामचन्द्र शुक्ल
   (C) महावीर प्रसाद द्विवेदी
   (D) राम विलास शर्मा

5. मेरे तो गिरिधर गोपाल दुसरौ न कोई।
   जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई।।
   प्रस्तुत पंक्ति किसकी है ?

   (A) मीराबाई की
   (B) सहजोवाई की
   (C) घनानन्द की
   (D) आलम की

6. निम्न में से कौन सा एक मुक्तक काव्य है ?

(A) बिहारी सतसई

(B) रस रहस्य

(C) भाषा भूषण

(D) इनमें से कोई नहीं

7. निम्न कथनो पर विचार कीजिए

1 रीतिबद्ध कवि देव हैं

2 रीतिसिद्ध कवि बिहारी हैं

3 रीतिमुक्त कवि भूषण हैं

4 भूषण वीर रस के कवि हैं

उपरोक्त में से कौन सा कथन सही है ?

(A) 1, 2 और 4

(B) 1, 2 और 3

(C) 3 और 4

(D) 4 और 3

8. 'शिवा को बखानों कि वखानौ छत्रसाल को।'

पंक्ति किसकी है ?

(A) भूषण की

(B) मतिराम की

(C) बोधा की

(D) केशवदास की

9. तुलसी कृत रामचरित मानस खण्डों का सही क्रम है।

(A) बालकाण्ड, सुन्दरकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड

(B) सुन्दरकाण्ड, बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड

(C) बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, सुन्दरकाण्ड

(D) अरण्यकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, बालकाण्ड, सुन्दरकाण्ड

10. गोरी सोवे सेज पर मुख पर डारे केस।
चल खुसरो घर आपने रैन भई चहुँ देस।।
प्रस्तुत दोहे के रचनाकार हैं –
(A) जायसी
(B) अमीर खुसरो
(C) बिहारी
(D) केशवदास

11. हसिबा खेलिबा धरिया ध्यान। अहनिसि कथिवा ब्रह्म गियान।
प्रस्तुत पक्तियाँ किसकी हैं ?
(A) गोरखनाथ की
(B) कबीरदास की
(C) विद्यापति की
(D) सरहपा की

12. "जदपि सुजाति सुलच्छनी सुवस सरस सुवृत्त।
भूषण विनुन विराजई, कविता वनिता मित्र।।
उपर्युक्त पंक्तियों के रचनाकार है
(A) भूषण
(B) मतिराम
(C) केशव
(D) देव

13. 'काग के भाग को का कहिये
हरि हाथ सो ले गयो माखन रोटी'
उपर्युक्त काव्य पंक्तियों के रचनाकार हैं
(A) रसखान
(B) कुम्भनदास
(C) मीराबाई
(D) नन्ददास

14. मध्वाचार्य किस सिद्धांत के प्रवर्तक है –

(A) शुद्धाद्वैत वाद

(B) अद्वैत वाद

(C) द्वैत वाद

(D) द्वैताद्वैत वाद

15. जहांगीर जसचन्द्रिका के रचनाकार हैं –

(A) देव

(B) भिखारी दास

(C) केशव

(D) पद्माकर

16. आचार्य रामचन्द्रशुक्ल ने पद्मावत के रत्नसेन और पद्मावती को किसका प्रतीक माना है ?

(A) परमात्मा का

(B) आत्मा का

(C) आत्मा और परमात्मा का

(D) इनमें से कोई नहीं.

17. एक थाल मोती से भरा, सबके सिर पर औंधा धरा

चारों ओर वह थाली फिरै, मोती उससे एक न गिरे।

प्रसिद्ध पहेली किसकी है ?

(A) विद्यापति की

(B) अमीर खुसरो की

(C) जगनिक की

(D) इनमें से कोई नहीं

18. स्वामी अग्रदास का सम्बन्ध किस भक्ति शाखा से है ?

(A) ज्ञानमार्गी

(B) प्रेममार्गी

(C) रामभक्ति शाखा

(D) कृष्णभक्ति शाखा

19. निम्नलिखित में से कौन अष्टछाप का कवि नही हैं ?

(A) कुम्भनदास

(B) कृष्णदास

(C) छीत स्वामी

(D) ध्रुवदास

20. 'हरि जननी मै बालक तोरा'

प्रस्तुत पंक्ति किसकी है ?

(A) सूरदास की

(B) तुलसीदास की

(C) कबीरदास की

(D) जायसी की

21. तुलसी का काव्य समन्वय की विराट चेष्टा है कथन किसका है ?

(A) आचार्य शुक्ल का

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी का

(C) डॉ नगेन्द्र का

(D) इनमें से कोई नहीं

22. पुष्टिमार्ग का जहाज कहलाते है –

(A) वल्लभाचार्य

(B) अनंतानंद

(C) अग्रदास

(D) सूरदास

23. 'देसिल बअना सब जन मिट्ठा' पंक्ति में 'देसिल बअना' से तात्पर्य है –

(A) प्राचीन अपभ्रंश से

(B) प्राकृत से

(C) बोलचाल की अपभ्रंश से

(D) ब्रज से

24. नाथों की संख्या मानी जाती है –

(A) नौ

(B) ग्यारह

(C) पच्चीस

(D) पचास

25. "लोग हैं लागि कवित्त बनावत, मोहि तो मेरे कवित्त बनावत"

यह पंक्ति है –

(A) रसखान की

(B) बिहारी की

(C) घनानन्द की

(D) भूषण की

26. हे मा बड़ी बड़ी अंखियन वारो,

सॉंवरों मो तन हेरत हंसिके।।

भौंह कमान बान बांके लोचन,

मारत हियरे कसिके।

यह पंक्तियाँ हैं –

(A) विद्यापति की

(B) सूरदास की

(C) बिहारी की

(D) मीराबाई की

27. रसखान की रचना है –

(A) सुजान रसखान

(B) प्रेमवाटिका

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

28. 'भ्रमरगीत' में गो।पेयाँ तर्क–वितर्क करती हैं –

(A) कृष्ण से

(B) उद्धव से

(C) अक्रूर से

(D) इनमें से कोई नहीं

29. सूर के 'भ्रमरगीत' की विशेषता नहीं है –

(A) गोपियों का वाक्‌चातुर्य

(B) एकनिष्ठ प्रेम की व्यंजना

(C) विरह की मार्मिकता

(D) यशोदा का वात्सल्य

30. 'पद्‌मावत' की भाषा है –

(A) खड़ीबोली

(B) अवधी

(C) ब्रजभाषा

(D) फारसी

31. कबीर समकालीन थें –

(A) शाहजहाँ के

(B) औरंगजेब के

(C) सिकन्दर लोदी के

(D) अकबर के

32. 'कठिन काव्य का प्रेत' कहा जाता है –

(A) बिहारी को

(B) भूषण को

(C) रसखान को

(D) केशवदास को

33. केशवदास आश्रय में रहते थे –

(A) भावसिंह हाड़ा के

(B) इन्द्रजीत सिंह के

(C) स्वरूप सिंह के

(D) इनमें से कोई नहीं

34. 'भाषा प्रवीण' कहा गया है –

(A) केशवदास को

(B) पद्माकर को

(C) घनानन्द को

(D) भूषण को

35. भूषण का वास्तविक नाम था –

(A) कृष्णदास

(B) रासबिहारी

(C) गोपीनाथ

(D) घनश्याम

36. 'मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई'

यह पंक्ति है –

(A) रसखान की

(B) सहजोबाई की

(C) मीराबाई की

(D) सूरदास की

37. 'वात्सल्य एवं श्रृंगार' का सम्राट कहा जाता है –

(A) नन्ददास को

(B) सूरदास को

(C) ध्रुवदास को

(D) चतुर्भुजदास को

38. रसखान की रचना नहीं है –

(A) प्रेमवाटिका

(B) दानलीला

(C) सुजान रसखान

(D) केलि माधुरी

39. विद्यापति की 'पदावली' का प्रधान रस है –

(A) वीर रस

(B) श्रृंगार रस

(C) शान्त रस

(D) वात्सल्य रस

40. 'खालिकबारी' के रचयिता थे –

(A) अब्दुर्रहमान

(B) रहीम

(C) अमीर खुसरो

(D) रसखान

41. 'रावरे रूप की रीति अनूप नयो–नयो लागत ज्यों–ज्यों निहारिए'

यह पंक्ति है –

(A) बोधा की

(B) आलम की

(C) ठाकुर की

(D) घनानन्द की

42. तुलसीदास की भक्ति भावना है –

(A) सख्य भाव की

(B) मधुर भाव की

(C) श्रृंगार भाव की

(D) दास्य भाव की

43. गोरखनाथ की बानियों का संकलन किया है –

(A) राहुल सांकृत्यायन ने

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने

(C) पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल ने

(D) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी ने

44. सूरदास की कौन सी रचना उपालम्भ में श्रेष्ठ है ?

(A) सूरसागर

(B) भ्रमरगीत

(C) साहित्य लहरी

(D) इनमें से कोई नहीं

45. 'पद्मावत' की रचना हुई थी –

(A) 1490 ई० में

(B) 1530 ई० में

(C) 1540 ई० में

(D) 1580 ई० में

46. 'पद्मावत में नायिका' पद्मावती राजकुमारी है –

(A) उड़ीसा की

(B) जम्बू द्वीप की

(C) मगध की

(D) सिंहल द्वीप की

47. घनानन्द की प्रेम व्यंजना की विशेषता है –

(A) एकपक्षीय प्रेम

(B) मांसल सौन्दर्य का वर्णन

(C) अतिशयोक्ति का वर्णन

(D) कल्पना की प्रचुरता

48. 'बीजक' संकलन में कबीर की रचना संकलित की है –

(A) कबीर ने

(B) रैदास ने

(C) सुन्दरदास ने

(D) धर्मदास ने

49. 'बिहारी सतसई' की रचना हुई है –

(A) प्रबन्धन काव्य में

(B) मुक्तक काव्य में

(C) चरित्र काव्य में

(D) चम्पू काव्य में

50. सूरदास की निम्नलिखित रचना को 'दृष्टकूट पदों का संग्रह' कहा जाता है –

(A) सूर सारावली

(B) साहित्य लहरी

(C) सूर सागर

(D) सूर पचीसी

*****